जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग।

दूरभाष सं0ः– 9939201624 / 06546291953 e-mail:- dlsahazaribag@gmail.com

विज्ञापन संख्या–DLSA/HZB-01/2024 दिनांकः–06.09.2024

माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉची के पत्रांक 2524 दिनांक 03.09.2024 एवं NALSA Scheme For Para-Legal Volunteers (Revised) & Module for the Orientation– Induction – Refresher Courses For PLV Training के आलोक में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग में पारा लीगल वालन्टियर (PLV) के रूप में कार्य करने हेतु न्यूनतम अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इससे संबंधित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन–पत्र का प्रारूप, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है, जिसे वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही साथ उक्त विज्ञापन एवं प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

आवेदक अपना स्वहस्तलिखित आवेदन–पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला न्यायधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग को सम्बोधित करते हुए विहित प्रारूप में ''न्याय सदन'' जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक 17.09.2024 तक निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं। साथ ही साथ आवेदक उक्त आवेदन–पत्र को दिनांक 17.09.2024 तक कार्यालय अवधि के दौरान अर्थात प्रातः 10:30 बजे से सायः 05:00 बजे तक हाथों–हाथ भी उक्त कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि अर्थात 17.09.2024 के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

विहित समय के अंदर प्राप्त आवेदनों की जॉच कर सही पाए गए आवेदकों की सूची साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान के साथ व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करा दी जाएगी। साक्षात्कार की तिथि 20, 21 एवं 22 सितंबर, 2024 निर्धारित है जिसमें आवश्यकता अनुसार परिर्वतन संभव है। अतः आवेदकों से अपेक्षा की जाती है कि अधिक/अग्रिम जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के कार्यालय से संपर्क में रहें। **किसी भी आवेदक को अलग से साक्षात्कार की सूचना नहीं दी जाएगी एवं ना ही प्रवेश पत्र निंगत किया जाएगा।**

sd/-
प्रधान जिला न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
हजारीबाग।